स्पाइसेस बोर्ड
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय
भारत सरकार, कोच्ची-25, केरल

मसाला पार्क, रायबरेली की पुदीना प्रसंस्करण सुविधा की स्थापना एवं प्रचालन हेतु अभिरुचि की अभिव्यक्ति(ईओआई) आमंत्रित की जाती है

स्पाइसेस बोर्ड, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार, कोच्ची ने उत्तर प्रदेश के रायबरेली में सभी बुनियादी अवसंरचना सुविधाओं सहित एक मसाला पार्क की स्थापना की है। अब बोर्ड, बोर्ड के सहयोग से मसाला पार्क में एक पुदीना प्रसंस्करण इकाई की स्थापना हेतु मसालों/कृषि उत्पादों के निर्यात/घरेलू व्यापार में लगे हुए इच्छुक एवं तकनीकी तौर पर सक्षम व वित्तीय रूप से मजबूत उद्यमियों से अभिरुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) आमंत्रित करता है।

जो व्यक्ति पार्क में पुदीना केलिए प्रसंस्करण इकाई की स्थापना करने में इच्छुक है, वह, ईओआई प्रस्तुत करने से पूर्व पार्क में उपलब्ध सामान्य सुविधाओं की जांच केलिए अपने खर्च पर रायबरेली के मसाला पार्क का दौरा कर सकता है । बोर्ड, चयन किए फ़र्म द्वारा इकाई की स्थापना करने हेतु लंबे पट्टे आधार पर पार्क में ज़मीन प्रदान करेगा या बोर्ड, प्रसंस्करण इकाई की स्थापना हेतु चयन किए गए बोलीदाता द्वारा अपेक्षित भवन का निर्माण करने तथा पट्टे पर देने के विषय में भी विधार करेगा और ऐसे मामले में प्रस्तावित भवन केलिए पट्टा किराया लागू होगा।

पार्क में उपलब्ध सामान्य सुविधाओं में प्रशाशानिक भवन, नीलामी हॉल, माल-गोदाम सुविधा, पुदीना तेल जांच करने केलिए गुणवत्ता मूल्यांकन प्रयोगशाला, कैंटीन सुविधा, प्रशिक्षण हॉल, बैंकिंग सुविधा आदि शामिल हैं।

रायबरेली में मसाला पार्क के संपर्क व्यक्ति का विवरण नीचे दिया गया है :

श्री रमेश नाइक
फार्म प्रबन्धक
मसाला पार्क, दतौली गाँव,
हरचंदपुर पी.ओ.,
रायबरेली-229303
उत्तर प्रदेश
फोन : 8310208940
इ-मेइल : spicesboardrbly@gmail.com

या

श्री संदीप सिंह यादव,
वरिष्ठ क्षेत्र अधिकारी
बाराबंकी
उत्तर प्रदेश
फोन : 7085381731
इ-मेइल : sbrobbk2015@gmail.com

निर्धारित प्रपत्र (अनुबंध-1) में अभिरुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) **22-04-2021** को सायं 5.00 बजे या उससे पहले, ऊपर "मसाला पार्क, रायबरेली में पुदीना प्रसंस्करण इकाई की स्थापना करने हेतु अभिरुचि की अभिव्यक्ति" ऐसा लिखकर, निम्नलिखित पते पर प्रस्तुत की जानी चाहिए हैं :

श्री पी एम सुरेष कुमार
निदेशक(विपणन), स्पाइसेस बोर्ड
सुगंध भवन, एनएच बै पास,
पालारिवट्टम पी.ओ.,
कोच्ची : 682025
टेली.: 0484-2333607
इ-मेइल : dm.sb-ker@gov.in

प्राप्त ईओआई, **23-04-2021** को खोली जाएगी और उनकी जांच की जाएगी और निबंधन व शर्तों को अंतिम रूप देने केलिए एक पूर्व-बोली बैठक का आयोजन किया जाएगा। पात्र फ़र्मों को पूर्व-बोली बैठक केलिए आमन्त्रित किया जाएगा। पूर्व-बोली बैठक की तारीख, समय व स्थान ई ओ आई के खोलने के तुरंत बाद सूचित किए जाएंगे। बोर्ड द्वारा प्रस्तावित निबंधन व शर्तों का मसौदा पूर्व-बोली बैठक के पहले ही परिचालित किया जाएगा और पट्टे केलिए निबंधन व शर्तों को अंतिम रूप देने पर चर्चा बोर्ड द्वारा परिचालित मसौदे के आधार पर होगी।

निदेशक(विपणन)

अनुबंध -1

मसाला पार्क, रायबरेली **की** सुविधाओं **के प्रचालन** हेतु अभिरुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) प्रस्तुत करने के लिए आवेदन

1	फर्म/कंपनी का नाम व पता	
2	स्वरूप/कानूनी स्थिति (प्रति संलग्न करें)	
3	क्या निर्यातक के रूप में स्पाइसेस बोर्ड के साथ पंजीकृत है? यदि है, तो पंजीकरण संख्या सूचित करें	
4	संपर्क-व्यक्ति का नाम व पदनाम, डाक पता, फोन/मोबाइल, इ-मेइल,	
5	फर्म / आवेदक का पैन(PAN) (प्रति संलग्न करें)	
6	जी एस टी पंजीकरण संबंधी विवरण (प्रति संलग्न करें)	
7	वर्तमान व्यापार कार्यों का विवरण और व्यापार किए जानेवाले वस्तुओं के प्रकार	
8	मसाला प्रसंस्करण इकाइयों को चलाने व अनुरक्षण में पिछले अनुभवों का विवरण प्रस्तुत करें (समर्थन दस्तावेज संलग्न करें)	
9	यदि पहले से ही आपके पास मसाला प्रसंस्करण की सुविधा है, तो कृपया विवरण प्रस्तुत करें।	
10	वार्षिक टर्न-ओवर क) घरेलू ख) निर्यात (समर्थन दस्तावेज संलग्न करें)	
11	कोई अन्य महत्वपूर्ण सूचना	

(कृपया समर्थन दस्तावेजों की प्रतियाँ संलग्न करें)

स्थान: (आवेदक का हस्ताक्षर)

दिनांक : कंपनी का मोहर